भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †194
सोमवार, 04 दिसम्बर, 2023/13 अग्रहायण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

सन्नाटी कनगनहल्ली का बौद्ध पर्यटन स्थल के रूप में विकास

†194. डॉ. उमेश जी. जाधव:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की कर्नाटक के कलबुर्गी जिले के चित्तापुर तालुका में सन्नाटी कनगनहल्ली को बौद्ध पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को इस संबंध में राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय पर्यटन गंतव्यों के समग्र विकास के लिए 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थयात्रा जीर्णोद्धार तथा आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करता है। पर्यटन मंत्रालय (एमओटी) ने देश में सतत और जिम्मेदार पर्यटन गंतव्यों को विकसित करने के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन योजना 2.0 (एसडी 2.0) के रूप में परिवर्तित किया है। एसडी20 योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार, राज्य सरकारें/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन विभिन्न गंतव्यों की पर्यटन संभावनाओं का विश्लेषण करते हुए एक राज्य परिपे्रक्ष्य योजना (एसपीपी) तैयार करते हैं और पर्यटन मंत्रालय निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार देश में विकास के लिए गंतव्यों को चिह्नित करता है। तदनुसार, पर्यटन मंत्रालय ने एसडी 2.0 के तहत 'हम्पी' और 'मैसूरु' को गंतव्यों के रूप में विकास के लिए अधिसूचित किया है। पर्यटन मंत्रालय ने प्रसाद योजना के तहत कर्नाटक राज्य में 45.71 करोड़ रुपये की लागत से वर्ष 2023-24 में श्री चामुंडेश्वरी देवी मंदिर, मैसूरु में तीर्थयात्रा सुविधाओं के विकास की एक परियोजना को स्वीकृति प्रदान की है।

*****